93248 - उसने अपने दाँत में कुछ दर्द होने के कारण अपना रोज़ा तोड़ दिया

प्रश्न

मैं अपने दाँत का इलाज कराने के लिए दंत चिकित्सक के पास गया, जबकि मैं रोज़े की अवस्था में था। दंत चिकित्सक ने मुझसे कहा कि उसे दाँत निकालना होगा। इससे मुझे कुछ दर्द हुआ, इसलिए मैंने अपना रोज़ा तोड़ दिया। अब मुझे क्या करना होगा? कृपया मुझे सलाह दें, अल्लाह आपको प्रतिफल प्रदान करे।

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

रोज़ेदार के लिए अपनी दाढ़ का भरने या निकलवाने के साथ इलाज कराना जायज़ है, भले ही इसके लिए उस जगह को सुन्न (एनेस्थेटाइज़) करने की आवश्यकता हो, और यह उसके रोज़े को प्रभावित नहीं करेगा यदि वह दवा या खून में से कुछ भी निगलने से बचता है। प्रश्न संख्या (13767) देखें।

उसके लिए अपना रोज़ा तोड़ना जायज़ नहीं है, सिवाय इसके कि उसके लिए दर्द गंभीर हो जाए और उसे उसके लिए दवा पीने की आवश्यकता हो, या उसे बहुत अधिक खून बह रहा हो जो शरीर को कमज़ोर कर दे।

इस आधार पर, यदि आपने अपना रोज़ा सिर्फ़ दाँत निकलवाने के कारण तोड़ दिया, तो आपने गलती की है, और आपको चाहिए कि अल्लाह के सामने तौबा करें और इस दिन की क़ज़ा करें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।